शेयर मंथन

एसपीएमएल इंफ्रा (SPML Infra) को 324.91 करोड़ रुपये का ठेका

एसपीएमएल इंफ्रा लिमिटेड (SPML Infra Ltd) कंपनी को राजस्थान के पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग से एक ठेका मिला है।

यह ठेका 324.91 करोड़ रुपये का है। इस ठेके के तहत कंपनी को नागपुर लिफ्ट परियोजना के पैकेज-III के तहत काम करना है। जिसमें क्लस्टर वितरण नेटवर्क के निर्माण, आईईसी से जुड़ी गतिविधियों, पंप घरों के निर्माण, साफ पानी के जलाशयों के प्रबंधन सहित 33किलोवॉट स्विचयार्ड और गाँवों में वितरण नेटवर्क की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

इस खबर के बाद आज बीएसई में एसपीएमएल इंफ्रा के शेयर भाव में तेजी देखी गयी। हालाँकि अब इसकी तेजी में कमी आयी है और यह दोपहर 1:40 बजे 4.15% की बढ़त के साथ 85.30 रुपये पर है।

(शेयर मंथन, 11 जुलाई 2012)